फोन नं0—05442—245381

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।

Email Id- jalnigam3@gmail.com Mo. No.- 9473942677

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 8079 / एम–6 / 127 दिनांक 10.07.2026

विषयः– **जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 09.07.2026 को "देवाही में जल जीवन मिशन का पानी नहीं: ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से मिलकर शिकायत की" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 09.07.2026 को "देवाही में जल जीवन मिशन का पानी नहीं: ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से मिलकर शिकायत की" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि विकास खण्ड पहाडी में दांती ग्राम समूह पेयजल योजना–सतही स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम देवही में 572 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है, जिसमें 95 प्रतिशत से अधिक हाउस कनेक्शनों में जलापूर्ति की जा रही है। ग्राम में पाइप लाइन चोकेज होने के कारण हरिजन वस्ती एवं राजभर बस्ती में 05 प्रतिशत हाउस कनेक्शन जलापूर्ति से वंचित है। उक्त के समाधान हेतु पाइप लाइन चोकेज मरम्मत का कार्य प्रगति पर है दिनांक 18.07.2026 तक मरम्मतीकरण कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। ग्राम नान्हूपुर में कुल 319 नग हाउस प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 35 प्रतिशत हाउस कनेक्शनों में जलापूर्ति की जा रही है। ग्राम में जिला पंचायत द्वारा भूमिगत नाली का कार्य कराते समय पाइप लाइन एवं हाउस कनेक्शन क्षतिग्रस्त कर दिये जाने के कारण 65 प्रतिशत हाउस कनेक्शन जलापूर्ति से वंचित है। अर्जुनपुर राजस्व ग्राम नान्हूपुर का मजरा है जिसमें जलापूर्ति की जा रही है।







भवदीय

(विश्वजीत)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता